हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


शिव महापुराण कथा का समापन आज 12



धान खरीदी बंद होने से किसानों का फूटा गुस्सा... 10



## खबर संक्षेप

### कॉलेज में उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** कल्याण महाविद्यालय भिलाई में प्रदर्शन के दौरान शासकीय संपत्ति में तोड़कर कर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को कल्याण कालेज सेक्टर 7 के प्राचार्य कक्ष में परीक्षा का फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। इस दौरान पूर्व छात्र आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य अन्य छात्र कालेज के भीतर प्रवेश कर गाली गलौज किया। प्राचार्य के टेबल में रखें शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंका गया। दस्तावेज फाड़ कर स्याही डाल कर खराब कर दिया गया। जिससे शासकीय दस्तावेज की क्षति हुई थी। शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। छात्रों ने जूते का माला बनाकर प्राचार्य को पहनाने का प्रयास कर रहे थे। मामले में पुलिस ने फरार आरोपी छात्र चंद्र नगर कोहका सुपेला निवासी नीतेश गुप्ता उर्फ निक्कू को पकड़ा गया। इसके पूर्व भी पुलिस ने तीन पूर्व छात्रों को गिरफ्तार किया था। नीतेश मामले का साजिशकर्ता है। नीतेश को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### मकान से दो लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना का जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 शंकर नगर कुम्हारी निवासी भरत बजाज के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। घर से अपने हिस्से के 11.9 तोला सोना और अन्य जेवर (6 अंगुठी) था। जिसमे से 1.9 तोला सोना और 1 अंगुठी का गहना बनवाने के लिये नवकार ज्वेलर्स रायपुर गया था। बचा सोना अपने घर शंकर नगर कुम्हारी मे अपनी मम्मी को अलमीरा में रखने दिया था। रायपुर से अपनी खरीदी करके रात को लौटने पर छोटा भाई विनय बजाज घर लाया। उसे बहन हर्षा को अलमीरा मे रखने दिया। सोने की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

### मेला से लौट रहे युवकों पर चाकू से हमला

**भिलाई।** सगनी पुन्नी मेला से लौट रहे दो युवकों पर गांव के आउटर में पेशाब करने के दौरान 13 लोगों ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया। ए युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। जिसमें एक को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं एक की स्थिति गंभीर है। धमधा थाना प्रभारी आरएन ध्रुव ने बताया कि 3 जनवरी की शाम 5.30 बजे दो युवक सगनी पुन्नी मेला देखकर अपने ग्राम लौट रहे थे। गांव पहुंचने के बाद घर जाने से पहले वे गांव के आउटर में पेशाब करने के लिए रुके। जहां पेशाब करने को लेकर कुछ युवकों ने आपत्ति जताया। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।

## देवकर नगर पंचायत में प्रशासनिक टकराव ने सियासी और जनचर्चा का बना माहौल

# देवकर नगर पंचायत में प्रशासनिक मनमानी के आरोप, अध्यक्ष ने मांगी आरटीआई से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देवकर नगर पंचायत देवकर में प्रशासनिक मनमानी के आरोप अब खुलकर सामने आने लगे हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे को अपने ही कार्यालय से जुड़े मामलों की जानकारी पाने के लिए सूचना के अधिकार का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा और अधिकारों पर भी सीधा प्रहार मानी जा रही है।

नपा अध्यक्ष का आरोप कि नगर पंचायत अधिकारी द्वारा विभिन्न विकास कार्यों,फाइलों,प्रस्तावों और निर्णयों की जानकारी जानबूझ कर नहीं दी जा रही है। बार-बार मौखिक और लिखित आग्रह के बावजूद जानकारी साझा करने से परहेज किया जा रहा है, जिससे अध्यक्ष को मजबूरन आरटीआई आवेदन लगाना पड़ा। अध्यक्ष सुरेश सिहोरे का कहना है कि नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों और वित्तीय मामलों की जानकारी छिपाना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जनता के साथ भी धोखा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यही रवैया जारी रहा तो मामला उच्च अधिकारियों और शासन स्तर तक ले जाया जाएगा। बहरहाल यह अपने आप में असामान्य स्थिति है कि नगर के प्रथम नागरिक को ही सूचना पाने के लिए कानूनी प्रक्रिया अपनानी पड़े। नगर में यह चर्चा भी तेज है कि अधिकारी अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर प्रशासन चला रहे हैं। इससे नगर पंचायत की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। आम नागरिकों में भी रोष है कि जब अध्यक्ष को ही जानकारी नहीं दी जा रही, तो जनता के हितों की अनदेखी कितनी आसानी से की जा रही होगी। अब देखना यह होगा कि आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी पर क्या खुलासे होते हैं और उच्च प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई करता है।




### सामान्य सभा की बैठक भी विवादों में

नगर पंचायत देवकर में 12 जनवरी को प्रस्तावित सामान्य सभा की बैठक को लेकर भी नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि सीएमओ केशराम साहू ने बैठक का एजेंडा पूरी तरह अपनी मनमर्जी से तैयार किया है। इस एजेंडे को न तो अध्यक्ष से पूछा गया, न ही उनकी सहमति ली गई। जबकि नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक का एजेंडा अध्यक्ष की जानकारी और सहमति से तय किया जाना चाहिए। ऐसे में अध्यक्ष को अंधेरे में रखकर एजेंडा बनाना गंभीर प्रशासनिक अनियमितता मानी जा रही है। यह मामला भी नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।

सीएमओ ने कहा कि नगर पंचायत के सभी कार्य निकाय के नियमों और शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जा रहे हैं। अध्यक्ष सुरेश सिहोरे द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। यदि उन्हें किसी प्रकार की जानकारी चाहिए तो वे निर्वाचित अध्यक्ष होने के नाते कार्यालय में आकर अभिलेखों का अवलोकन कर सकते हैं। उन्हें समय-समय पर आवश्यक जानकारी से अवगत भी कराया जाता रहा है। आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगने का औचित्य समझ से परे है। सीएमओ केशराम साहू ने स्पष्ट किया कि सामान्य सभा की बैठक लंबे समय से नहीं हो पा रही थी। बैठक आहूत करने के लिए अध्यक्ष से कई बार लिखित और मौखिक रूप से निवेदन किया गया, लेकिन हर बार असहमति जताते हुए बैठक नहीं बुलाई गई। ऐसी स्थिति में नियमों के तहत पार्षदों द्वारा बैठक बुलाने का आवेदन किया गया, जो पूरी तरह वैधानिक है। उन्होंने कहा कि शासन की भी स्पष्ट मंशा है कि सामान्य सभा की बैठकें निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से आयोजित हों, ताकि विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर चर्चा हो सके। नगर पंचायत प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन नियम सम्मत और पारदर्शी ढंग से कर रहा है।

# गाड़ाडीह धान उपार्जन केंद्र में बड़ी अनियमितता, दस हजार बोरे धान जप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की धान उपार्जन व्यवस्था में एक बार फिर गंभीर अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। गाड़ाडीह स्थित धान उपार्जन केंद्र में खाद्य, राजस्व, मंडी एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई औचक जांच में प्रशासन को चौंकाने वाली गड़बड़ियां मिलीं। जांच के दौरान केंद्र में संग्रहित धान में पुराना धान और अमानक श्रेणी के नए धान को मिलाकर खपाने का गंभीर प्रयास सामने आने पर प्रशासन ने 10,000 बोरे धान को अस्थायी रूप से जप्त करते हुए उनके परिवहन पर तत्काल रोक लगा दी है। संयुक्त जांच टीम द्वारा उपार्जन केंद्र में रखे गए 05 स्टैक मोटा धान की बारीकी से जांच की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से यह पाया गया कि धान की गुणवत्ता शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। नमूनों की प्रारंभिक जांच में अधिक नमी, टूटन, कचरा, मिट्टी एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ बड़ी मात्रा में पाए गए, जो धान उपार्जन नियमों का सीधा उल्लंघन है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला जानबूझकर की गई गंभीर अनियमितता का प्रतीत होता है। पुराना धान नए धान के साथ मिलाकर खपाने की कोशिश न केवल शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती थी, बल्कि इससे ईमानदार किसानों की मेहनत और पूरी उपार्जन व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यदि समय रहते ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ गाड़ाडीह केंद्र में पुराना व अमानक नया धान खपाने की कोशिश

# रजत जयंती वर्ष में 'अभिव्यक्ति' अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस द्वारा "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में रजत जयंती वर्ष 2025-2026 के अंतर्गत "अभिव्यक्ति" महिला सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से आम नागरिकों विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को अपराधों से बचाव, कानून की जानकारी और सुरक्षित जीवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के तहत 06 जनवरी को थाना चंदनू पुलिस टीम द्वारा ग्राम करंजिया नवागांव मातर मंडई में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे ने किया। उनके साथ आरक्षक हीरालाल साहू, निरंजन वैष्णव, भुषण राजपूत, हेमंत वर्मा, सुनील साहू सहित थाना चंदनू का स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस, महिलाओं पर होने वाले अपराधों की प्रकृति, लैंगिक शोषण से बचाव, मोबाइल व इंटरनेट से जुड़े अपराधों तथा उनकी रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समानता का अधिकार, गरिमा के साथ जीने का अधिकार और हिंसा व उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित वातावरण में कार्य के अधिकार के विषय में जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को नवीन आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की प्रमुख धाराओं की सरल भाषा में जानकारी दी गई। साइबर अपराध और ठगी पर विशेष जोर देते हुए पुलिस ने चिटफंड, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की अपील की। आमजन को बताया गया कि आधार कार्ड एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को न दें। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर जानकारी मांगने वालों से सावधान रहें, क्योंकि बैंक कभी भी इस प्रकार की जानकारी फोन पर नहीं मांगता।

साइबर फ्रॉड की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने अथवा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों से संवाद कर सभी को "नशा मुक्त जीवन" की शपथ दिलाई गई। उपस्थितजनों ने "जिंदगी को हां, नशे को ना" का संकल्प लेते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी जागरूक करने का प्रण लिया। पुलिस ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन, हेलमेट पहनने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए भी आमजन को प्रेरित किया गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ हमर पुलिस हमर गांव–हमर पुलिस हमर बाजार से गांव–गांव सुरक्षा का संदेश

# श्रीराम के आदर्श हमें मर्यादा, सत्य पर चलने की प्रेरणा देते हैं : दीपेश

**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संडी में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का समापन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधायक साहू ने



भगवान श्रीराम, माता सिद्धि की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें मर्यादा, सत्य, सेवा और ▶▶| शेष पेज 11 पर






## पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अपील

# पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 68 साजा, 69 बेमेतरा एवं 70 नवागढ़ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक 06 जनवरी को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा ली गई, जिसमें अब तक प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के द्वितीय चरण में 23 दिसम्बर 2025 को प्रारंभिक



निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया था। इसके पश्चात जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दावा–आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस क्रम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक नाम जोड़ने हेतु कुल 1119 फार्म–6 ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से 352, विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा से 389 तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 378 फार्म–6 शामिल हैं।

बैठक के दौरान विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिव्या पोटाई तथा विधानसभा क्षेत्र 68 साजा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हर्षलता वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, समय-सीमा, दावा–आपत्ति प्रक्रिया एवं संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अब तक प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर तथा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है, ताकि आम नागरिक सूची का अवलोकन कर किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### मोहतरा खुर्द में भव्य अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ, निकली ऐतिहासिक कलश शोभा यात्रा



**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मोहतरा खुर्द में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भव्य अखंड नवधा रामायण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन ग्रामवासियों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कलश शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में सुहागिन महिलाएं एवं बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। ढोल-मंजीरा, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच निकली यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन ग्राम में आपसी भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, भजन–कीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। पूरे गांव में रामायण आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है।

### मोहगांव में इंडियन ऑयल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि मोहगांव।** पंडरिया विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी हाई स्कूल क्रिकेट मैदान में किकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इंडियन ऑयल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन का 34 वर्ष था, जिसमें विभिन्न ग्रामों व शहरों के 32 टीमों में उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, तथा फाइनल प्रतियोगिता मोहगांव एव मोहतरा कला के मध्य खेला गया जिसमें मोहतरा टीम के खिलाड़ियों द्वारा भव्य खेल का प्रदर्शन किया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किए। वहीं आयोजक टीम मोहगांव ने उक्त प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में दो वर्षो से स्थानीय मृत्युजंय किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पंप मोहगांव के द्वारा प्रथम पुरस्कार तीन हजार एक रूपए विजेता टीम को दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार पंद्रह हजार एक रूपए सरपंच घुरूहू पनागर के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि धन्नु चद्रवंशी पूर्व व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र चंद्रवंशी, घुरूहू पनागर, नंदकुमार चंद्रवंशी, हेमचंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, लक्ष्मण केशरवानी व कैलाश चंद्रवंशी एवं लक्ष्मण चंद्रवंशी सहित ग्राम व आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### आरपीएस स्कूल में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन




**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम अभियान के अंतर्गत श्री रामकृष्ण पब्लिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित कराया गया। विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर सभी विद्यार्थियों को कतारबद्ध कराया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या एवं विद्यालय के संचालक उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत विनय जंघेल के उद्बोधन से हुआ। अपने वक्तव्य में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बाल विवाह करने के दुष्परिणामों से परिचित कराया और न्यायिक कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। बाल विवाह के अपराधियों हेतु विभिन्न धाराओं एवं अधिनियमों से परिचित कराया। अंततः उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया। कार्यक्रम में उनके साथ अविनाश ठाकुर, घनश्याम साहू मिशन समन्व्यक उपस्थित थे। इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें आभार संप्रेषित किया।

## निधन

### उमाशंकर शुक्ला



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम माकरी निवासी व समाज के कर्मठ और साहसी व्यक्तित्व, डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के पूर्व प्राचार्य एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता उमाशंकर शुक्ला का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं स्व. उमाशंकर शुक्ला का अंतिम संस्कार ग्राम माकरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित होकर श्री शुक्ला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धान खरीदी बंद होने से किसानों का फूटा गुस्सा, घंटों तक चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पेंड्री-नवापारा में दो दिनों से धान खरीदी बंद रहने के कारण मंगलवार को किसानों का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिला। समिति के अंतर्गत आने वाले किसानों ने धान से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को प्रतापपुर-कुंडा मेन रोड पर खड़ा कर घंटों चक्का जाम कर दिया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने बताया कि वे सुबह करीब 4 बजे से धान बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ लाइन में लगे थे, लेकिन धान खरीदी केंद्र में न तो खरीदी शुरू हुई और न ही ट्रैक्टर ट्रालियों को खाली कराया गया। किसानों का कहना है कि वर्तमान में विवेक चंद्राकर मौखिक रूप से धान प्रभारी के तौर पर कार्य कर रहे थे, लेकिन उन्हें अब तक लिखित आदेश नहीं मिला था। लिखित जिम्मेदारी न होने के कारण वे धान खाली कराने का निर्णय नहीं ले पा रहे थे, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ता गया। इसी दौरान किसानों का आरोप है कि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा किसानों के साथ कथित तौर पर अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे आक्रोश और भड़क गया। इसके बाद किसानों ने नारेबाजी करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक समिति अध्यक्ष किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे, तब तक सड़क से जाम नहीं हटाया जाएगा। जिस पर किसान अरूण दिवाकर, उत्तर दिवाकर, जगदीश भास्कर, जगमाल चंद्राकर सहित अन्य किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण के अभाव में किसानों को बार-बार परेशान होना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने समिति अध्यक्ष बालमुकुंद चंदवंशी पर भी नाराजगी जाहिर की।

### समिति अध्यक्ष ने किसानों से मांगी माफी



सुपरवाइजर दुष्यंत दीवान ने बताया कि अब तक लिखित रूप से किसी को धान प्रभारी नियुक्त नहीं किया गया था, इसी कारण असमंजस की स्थिति बनी। फिलहाल समिति अध्यक्ष द्वारा प्रबंधन संभाला जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार से विवेक चंद्राकर को विधिवत धान खरीदी का प्रभारी बना दिया गया है और अब समिति के कर्मचारी धान खरीदी का कार्य कर रहे हैं। काफी देर चले चक्का जाम के बाद अंततः समिति अध्यक्ष ने किसानों के सामने झुककर माफी मांगी, जिसके बाद किसानों ने सड़क से ट्रैक्टर-ट्रालियां हटाईं और यातायात बहाल हुआ। प्रशासन और समिति प्रबंधन ने आगे ऐसी स्थिति न बनने देने का आश्वासन दिया है।

गांव गांव तक पहुंच रही पक्की सड़कें, सात से अधिक गांवों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा

# विधायक ने 8.38 करोड़ से अधिक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित हो रहा है। वहीं मंगलवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 8 करोड़ 38 लाख 8 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मेन रोड से उदका तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मांग थी, जो अब साकार हो रही है। इस सड़क के निर्माण से ग्राम मोहतरा, सारुपारा, झिरियाकला, झिरियाखुर्द, बुचीपारा, नवागांव, टिकैत एवं उदका सहित आस-पास के विभिन्न गांव में निवासरत परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार से जुड़ी सुविधाओं तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। विशेष रूप से किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में समय और लागत दोनों की बचत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन होने पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क उनके दैनिक जीवन को आसान बनाएगी और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### भाजपा सरकार की प्राथमिकता हर गांव तक पक्की सड़कें पहुंचे



विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास ही सशक्त प्रदेश की नींव होता है। बेहतर सड़कें न केवल आवागमन का साधन होती हैं, बल्कि वे गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य भी करती हैं। भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि हर गांव तक मजबूत, सुरक्षित और पक्की सड़कें पहुंचे। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार के अवसरों और आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूती देगा। एम्बुलेंस, स्कूल वाहन और अन्य आवश्यक सेवाएं अब ग्रामीण अंचलों तक आसानी से पहुंच सकेंगी। क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है और जनता ने हम पर जो विश्वास जताया है ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि उनकी आकांक्षाओं को हम पूरा करें। यह परियोजना न केवल एक सड़क निर्माण है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता, सुविधा और विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो पंडरिया विधानसभा को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा।

# सर्वर डाउन होने से केवाईसी कार्य बाधित, ग्रामीण हितग्राही राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वर डाउन रहने के कारण राशन कार्ड धारकों की के वा ई सी प्रक्रिया बाधित हो रही है। केवाईसी नहीं हो पाने से कई हितग्राहियों को पिछले दो से तीन माह से शासकीय उचित मूल्य दुकान से चांवल नहीं मिल पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव निवासी श्रीमती मोगरा बाई शर्मा ने बताया कि वे लगातार सोसायटी जाकर केवाईसी कराने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें हर बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। केवाईसी नहीं होने से शासन की खाद्य एवं अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा राशन कार्ड जारी किए जाने के बावजूद त क नी की कारणों से उन्हें राशन से वंचित रहना पड़ रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सर्वर की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर हितग्राहियों को चांवल उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन से वंचित न रहे।



### जेवडन खुर्द से पिपरिया सड़क पर उड़ती धूल बनी लोगों के लिए मुसीबत



**हरिभूमि बरबसपुर।** विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के अंतर्गत ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाली पीएम सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ग्रामीणें से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल के उपयोग के कारण इस सड़क की डामर की परते बरसात के दौरान उखड़ गई, जिससे ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया सड़क पर जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे बन गए तथा इस सड़क जर्जर व बदहाल होने के कारण आवागमन बाधित एवं धूल-गुब्बारे उठने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आवाहाजी में भारी दिक्कते व परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ धूल गुब्बारे उठने से ग्रामीणों तथा राहगीरों को सांस लेने में खासी दिक्कते तथा स्वास्थ्य पर गहरी प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि यह सड़क ग्राम जेवडन खुर्द से बांझीमौहा, नवागांव, चरडोगरी, झिरना होते हुए पिपरिया पहुंच मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। जिस पर ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त मटेरियल का उपयोग होता तो बारिश के बाद सड़क पूरी तरह पक्की तथा आवागमन में ग्रामीण रहगीरों को सुविधा मिलती। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पीएम सड़क की शीघ्र सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की बुनियादी सुविधा मिल सके।

## गायत्री गुरुकुल में विज्ञान प्रदर्शनी और आनंद मेला का आयोजन



**हरिभूमि पोंड़ी।** गायत्री गुरुकुल हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल लेंजाखार-पोंड़ी में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षा के साथ संस्कार के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लगभग 100 विभिन्न विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए, वहीं आनंद मेले में करीब 50 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ देवपूजन एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। विद्यालय के स्काउट-गाइड प्रभारी बलराम पटेल एवं स्काउट-गाइड विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लेंजाखार सरपंच जितेंद्र कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत पोंड़ी की सरपंच श्रीमती मिथिला मोतीराम साहू उपस्थित थें। विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता (प्राचार्य), कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास एवं उपाध्यक्ष शिवनारायण यादव, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री पूर्णेन्दु सिन्हा, समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ जिलाध्यक्ष सोनी वर्मा सहित कार्यक्रम अध्यक्ष जयचंद वर्मा शामिल थें। विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले के अवलोकन हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लेंजाखार, नमिता पब्लिक स्कूल पोंड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर पोंड़ी तथा पीएम श्री सेजेस पोंड़ी के विद्यार्थी एवं स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। विद्यालय के प्राचार्य हरिश कुमार साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें मंच प्रदान करना है। उन्होंने आगामी सत्र में अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय संचालन तथा समय की मांग को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर एवं संगीत कक्षाएं प्रारंभ करने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालन समिति के अध्यक्ष जयचंद वर्मा, उपाध्यक्ष गंगाराम साहू, सचिव रामदयाल साहू, प्रबंधक शत्रुहन वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकाराम साहू सहित समरू साहू, राजकुमार वर्मा, मनोहर साहू, बलदेव वर्मा, वेद साहू (पत्रकार), भगवती प्रसाद वर्मा, रंजीत साहू, दिलीप श्रीवास्तव, रम्हलू साहू, पुरन वर्मा, सुनील जायसवाल, उमेश वर्मा, अरुण वर्मा एवं अन्य गणमान्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

सामान्य आग को बुझाने सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीकों का जीवंत प्रदर्शन

# अभ्युदय स्कूल में फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल का जीवन-रक्षक प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध नगर के प्रतिष्ठित अभ्युदय स्कूल कवर्धा में सोमवार को सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल फॉयर सेफ्टी कवर्धा के नेतृत्व में उनकी संपूर्ण टीम के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय परिसर को वास्तविक आपात स्थिति जैसा वातावरण बनाकर अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थी साथ ही विद्यालय के ड्राइवर एवं कंडक्टर बड़ी संख्या में उपस्थित थें। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आग लगने की आकस्मिक स्थिति में विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं वाहन स्टॉफ को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालना तथा जान-माल की रक्षा के उपायों से अवगत कराना था।

मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय परिसर में सायरन बजाकर आपातकालीन स्थिति का संकेत दिया गया, जिससे बच्चों में वास्तविक परिस्थिति जैसा अनुभव उत्पन्न हुआ। फॉयर सेफ्टी टीम ने क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित निकासी एकत्रीकरण स्थल की पहचान तथा घबराहट से बचते हुए अनुशासन बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। बच्चों को यह भी समझाया गया कि आग लगने की स्थिति में धुएं से कैसे बचना चाहिए, नीचे झुककर चलना क्यों आवश्यक है तथा बिना अफरा-तफरी के शिक्षकों के निर्देशों का पालन करना कितना महत्वपूर्ण होता है। फॉयर सेफ्टी कवर्धा की टीम द्वारा गैस सिलेंडर से लगी आग, पेट्रोल से लगी आग एवं घरों में लगने वाली सामान्य आग को बुझाने के विभिन्न सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीकों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, बालू एवं गीले कपड़े से आग बुझाने की विधि तथा बिजली से लगी आग में बरती जाने वाली सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने ध्यानपूर्वक देखा और समझा।

विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की हर परिस्थिति के लिए सक्षम बनाना है। आगजनी, भूकंप अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियां बिना सूचना के आ सकती हैं, ऐसे में सही समय पर सही निर्णय लेना ही जीवन की रक्षा करता है। फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मसंयम, सतर्कता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। इससे बच्चे घबराने के बजाय विवेक और अनुशासन के साथ परिस्थितियों का सामना करना सीखते हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि सुरक्षा, संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की शिक्षा देने वाला संस्थान है। आज प्राप्त यह प्रशिक्षण बच्चे न केवल विद्यालय में, बल्कि अपने घर, मोहल्ले एवं समाज में भी उपयोग कर सकेंगे, जिससे वे स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी सुरक्षा कर पाएंगे।

# मां महामाई व श्री हनुमंत लाल की वर्षगांठ पर पांच दिवसीय मानस प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



मां महामाई एवं श्री हनुमंत लाल के स्थापना के 22वें वर्षगांठ के पावन अवसर पर ग्राम चुचरूंगपुर-गुढ़ा में आयोजित पांच दिवसीय मानस प्रवचन पुष्पमाला के चतुर्थ दिवस भक्ति, ज्ञान और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भागवत भूषण, मानस केशरी, मानव कल्याण आश्रम एवं श्री करपात्री गौशाला पण्डरभट्ठा (झाल) के संस्थापक पं प्रमोद शास्त्री महाराज ने अपनी मधुर एवं ओजस्वी वाणी से श्री हनुमान की दिव्य कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रवचन के दौरान पं प्रमोद शास्त्री महाराज ने कहा कि श्री हनुमान बल और बुद्धि के खान थे।

उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से बताया कि हनुमान ने तमोगुण के प्रतीक सिंहिका का वध किया, जबकि रजोगुण के प्रतीक लंकिनी को केवल अधमरा किया, क्योंकि सृष्टि के संचालन हेतु रजोगुण का अस्तित्व आवश्यक है। यह प्रसंग जीवन में संतुलन और विवेक के महत्व को दर्शाता है। प्रवचन में आगे बताया गया कि जब हनुमान विभीषण के घर के समीप पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि विभीषण जागते समय भी राम-राम का जाप कर रहे थे और उनके घर में राम नाम अंकित था। यह देखकर हनुमान तुरंत समझ गए कि विभीषण सज्जन एवं धर्मात्मा हैं तथा उनसे कार्य सिद्ध होगा। इसी प्रकार लंका दहन के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सोने की लंका जलने पर भी काली नहीं हो रही थी, क्योंकि सोना अग्नि में तपकर और अधिक चमकता है। शनिदेव से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए महाराज ने बताया कि रावण के सिंहासन के नीचे सिर झुकाए बैठे शनिदेव हनुमान से उन्हें सीधा करने की प्रार्थना करते हैं। जब हनुमान ने शनिदेव को सीधा किया और उनकी दृष्टि लंका पर पड़ी, तब सोने की लंका काली हो गई। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कर्म और दृष्टि के प्रभाव को सरल शब्दों में समझाया। इस पावन अवसर पर आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। संपूर्ण वातावरण राम नाम और हनुमान भक्ति से सराबोर है।

**मौसम:** मैकल हिल में प्रकृति का नजारा देखने पहुंच रहे पर्यटक

# चिल्फीघाटी में पाले की चादर, कड़ाके की ठंड के बीच 4 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

सतपुड़ा पर्वतमाला की मैकल हिल श्रृंखला में स्थित चिल्फी घाटी इन दिनों भीषण ठंड और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के कारण खास सुर्खियों में है। जनवरी माह में यहां ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे घाटी से लेकर रेंगाखार के जंगलों तक घास, पेड़-पौधों और पत्तों पर जमी ओस बर्फ की तरह चमकती नजर आई।

चारों ओर फैले साल वृक्षों के कारण पूरे वनांचल क्षेत्र में ठंड का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है। सुबह 6 बजे तक जंगल और गांव सफेद परत में ढके रहते हैं, जो पर्यावरण प्रेमियों और प्रकृति फोटोग्राफरों को खासा आकर्षित कर रहा है। कड़ाके की ठंड के बीच पर्यटन गतिविधियों में भी तेजी आई है। मैकल हिल क्षेत्र में मैकल हिल एवं सरई पर्यटन समिति द्वारा पर्यटकों को नेचर वॉक, जंगल ट्रैकिंग और पहाड़ी पैदल भ्रमण कराया जा रहा है। ठंडी हवाओं, साल वृक्षों और जमी ओस के बीच ट्रैकिंग करना पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव बन रहा है। इसके साथ ही बैगा संस्कृति आधारित ईको-टूरिज्म को भी नया आयाम मिल रहा है। पर्यटकों को बैगा जनजाति की जीवनशैली, पारंपरिक खान-पान, लोकसंस्कृति और प्रकृति से जुड़े रहन-सहन से रूबरू कराया जा रहा है। इससे न सिर्फ स्थानीय संस्कृति को पहचान मिल रही है, बल्कि वनांचल क्षेत्र में रोजगार और सतत पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।



### पंडरिया के वनांचलों में जम रही ओस

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के चिल्फीघाटी की ही तरह इस बार विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस वनांचल से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक यहां भी बीते दो दिनो से तापमान में जबरदस्त गिरावट देखी जा रही है। आलम ये है कि रात का तापमान करीब पांच डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। इन हालातों में यहां भी रात के समय आसामान से गिरने वाली ओस सुबह बर्फ का रूप ले रही है और लोगों को सुबह वनांचल के खेत, खलिहानो, घरों की छतो, झाड़ियों में बर्फ की सफेद चादर बिछी दिखाई दे रही है। कुल मिलकार इस बार पंडरिया के वनांचल में लोग प्राकृति की खूबसूरती देख पा रहे हैं।



### रबी फसलों पर मौसम का अनुकूल प्रभाव

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की ठंड से पर्यावरण संतुलन बेहतर होता है। रबी फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनकूल है, हालांकि मटर, चना और अरहर की फसलों में फूल आने की अवस्था पर पाले से नुकसान की आशंका बनी हुई है। ठंड से बचाव के लिए आदिवासी गांवों में लोग अलाव जलाकर राहत पा रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है और ग्रामीणों की दिनचर्या देर से शुरू हो रही है। सर्दी-खांसी और जुकाम के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है, विशेषकर बच्चों में। कुल मिलाकर चिल्फी घाटी और मैकल हिल क्षेत्र इन दिनों ठंड, रोमांच, संस्कृत और ईको-टूरिज्म का अनूठा संगम बनकर उभर रहा है।

## स्वर्ण पदक जीतने वाली कवर्धा की बेटी रिया का डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बिहार की राजधानी पटना में 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित चार देशों की टीमों ने भाग लिया था। इस चैंपियनशिप में भारत की विजेता टीम का हिस्सा बनकर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाली कवर्धा की होनहार खिलाड़ी सुश्री रिया तिवारी का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने रिया को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उपलब्धि की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रिया तिवारी की यह उपलब्धि न केवल कवर्धा जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रिया भविष्य में भी देश के लिए अनेक पदक जीतेंगी और प्रदेश की नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकें।

## खबर संक्षेप

### स्कूल भवन का किया मरम्मत कार्य

**कवर्धा।** ग्राम पंचायत राजाढ़ार के आश्रित ग्राम बेलपानी स्थित नवीन प्राथमिक शाला भवन में 1 लाख रुपए की लागत से भवन मरम्मत एवं उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कवर्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक शाला भवन का मरम्मत एवं उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मरम्मत कार्य के अंतर्गत विद्यालय भवन में नए टीन का उपयोग किया गया है।

### रोवर्स-रेंजर्स प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी के लिए रवाना

**कवर्धा।** भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर्स-रेंजर्स जंबूरी में सहभागिता के लिए जिला कबीरधाम की टीम उत्साहपूर्वक रवाना हो गई है। यह राष्ट्रीय जंबूरी जिला बालोद के ग्राम दूधली में 09 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से रोवर्स और रेंजर्स भाग लेकर प्रशिक्षण, सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। जिला कबीरधाम से इस जंबूरी में कुल 237 रोवर्स-रेंजर्स प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। जिले की टीम का नेतृत्व कंटिजेंट लीडर सुजीत कुमार गुप्ता, अजय चंद्रवंशी, संजू मिश्रा, भगवती हठीले, ईशाक खान, विजय कुमार साहू कर रहे हैं। सभी प्रतिभागी निर्धारित अनुशासन एवं स्काउट-गाइड के मूल सिद्धांतों के साथ जंबूरी में भाग लेने के लिए तैयार हैं। जंबूरी के लिए प्रस्थान से पूर्व जिले में एक रवानगी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारत स्काउट एवं गाइड संगठन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## धान संग्रहण केन्द्रों में करोड़ों के धान का नुकसान

- प्रदेश के दूसरे संग्रहण केंद्रों की तुलना में जिले की स्थिति बेहतर होने का विभागीय दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के भंडारण को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। विपणन विभाग के अनुसार कवर्धा जिले के दो संग्रहण केन्द्रों से करीब 26 हजार क्विंटल धान गायब हो गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7 करोड़ रुपए बताई जा रही है। संबंधित विभागीय अधिकारियों के का दावा है कि यह नुकसान मौसम के प्रभाव और चूहे, दीमक व कीड़ों द्वारा धान को क्षति पहुंचने के कारण हुआ है, लेकिन प्रारंभिक जांच में गंभीर अनियमितताओं के संकेत भी मिले हैं। मामला साल 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान के भंडारण से जुड़ा है. जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्र बाजार चारभाठा और बघर्रा में कुल 7 लाख 99 हजार क्विंटल धान रखा गया था। जब धान के उठाव के बाद मिलान किया गया, तो इन दोनों केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई। इसमें सबसे अधिक गड़बड़ी बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में सामने आई, जहां से अकेले 22 हजार क्विंटल धान गायब पाया गया। इस गड़बड़ी को लेकर बाजार चारभाठा संग्रहण केन्द्र के प्रभारी के खिलाफ उच्च स्तरीय शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि प्रभारी ने उपार्जन केन्द्र के जिम्मेदारों के साथ मिलकर धान की फर्जी आवक-जावक दर्शाई, डैमेज धान खरीदी के फर्जी बिल बनाए, मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई और संग्रहण केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से बार-बार छेड़छाड़ कर सुनियोजित तरीके से हेराफेरी की है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में करीब 5 करोड़ रुपए की हेराफेरी हुई है। जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि संग्रहण केन्द्र प्रभारी प्रितेश पांडेय को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि धान की कमी मौसम और कीट-पतंगों से हुए नुकसान के कारण बताई गई है। प्रदेश के अन्य 65 संग्रहण केन्द्रों की तुलना में जिले की स्थिति बेहतर है। वहीं जांच कर रहे सहायक जिला खाद्य अधिकारी मदन साहू ने कहा कि शिकायत गंभीर है, प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए हैं। जांच के लिए टीम गठित की गई है और अंतिम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ग्रामीण किसान के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट, जान से मारने धमकी और गाली गलौंच करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आरोपियों के खिलाफ विरूद्ध अपराध क्रमांक 03/2026 बारा 331 (6) 296,115 (2)351, (3).3. (5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पिपरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारिका चन्द्रवंशी पिता स्व. उधोराम साहू साकिन डेहरी थाना पिपरिया के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 3 जनवरी की रात करीबन 08.00 बजे अरोपी मुन्ना साहू, उमेश साहू, रमेश साहू निवासी डेहरी के द्वारा खेत को लेकर उसके घर में घुसकर गांली गलौच तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले की जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी मुन्ना साहू पिता गुनुराम साहू उम्र 50 साल, उमेश साहू पिता मुन्नाक साहू उम्र 29 साल तथा रमेश साहू पिता मुन्ना साहू उम्र 22 साल तीनो निवासी ग्राम डेहरी थाना पिपरिया को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है आरोपियों के खिलाफ इसी तरह की रिपोर्ट कैलाश चंद्रवंशी ने भी कराई थी।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में सपनों का उड़ान विषय पर कार्यशाला का आ यो ज न विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय कवर्धा दुर्गावती चौक में सपनों का उड़ान कार्यक्रम रखा गया जिसमें चरित्र निर्माण विषय पर अशोक कुमार चंद्रवंशी प्रमुख वक्ता द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद जैन अध्यक्षता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में सूचित बोथरा नीरज मंजीत सचिन गुप्ता विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष पीयूष राजा टाटिया उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए अथक परिश्रम करने का आह्वान किया एवं अच्छे नंबरों से पास कर विद्यालय एवं अपने तथा माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किये विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किये कार्यक्रम का संचालन समिति नीलिमा जनार्दन ने किया उक्त अवसर पर विद्यालय के एसएमडीसी के सदस्य भूपेंद्र ठाकुर लक्ष्मण यादव संतोष सिन्हा बद्री झरिया सहित सभी सदस्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने इसे अपने जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।

## कवर्धा नगर में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




सिख समाज कवर्धा द्वारा दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती नगर में श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज के लोगों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सिख समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन, त्याग और वीरता से जुड़े संदेशों का गुणगान किया गया। शोभायात्रा में पंच प्यारों की अगुवाई, आकर्षक झांकियां, गतका प्रदर्शन तथा कीर्तन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं समाज द्वारा शीतल पेय एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों, साहस, समानता और मानवता की सेवा पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आयोजन में प्रशासन का भी सहयोग सराहनीय रहा।

## कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कृषि विज्ञान केन्द्र में सीख रहे तकनीकी ज्ञान

**कवर्धा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के तहत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को रेडीधावे कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र में 05 जनवरी 2026 से 07 जनवरी 2026 तक संलग्न किया गया है। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को उद्यानिकी, शस्य विज्ञान, कीट विज्ञान, रोग विज्ञान, वानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के नई तकनीक एवं केन्द्र में संचालित अनुसंधान कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा धान, दलहन, तिलहन एवं सब्जियों, फलों के विभिन्न रोग, रोगकारक तथा उनके निदान के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया तथा कीट एवं रोग प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रक्षेत्र परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी, डॉ. एनसी बंजारा द्वारा फलदार पौधों में वानस्तिक प्रर्वधन विधि जैसे गुटी बांधना, कटिंग, बडिंग, ग्राफ्टिंग फलदार वृक्षों को रोग से बचाव के लिए बोर्डो पेस्ट बनाने की विधि, सब्जियों के बीज उत्पादन विधि, सब्जियों के नर्सरी बेड बनाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन कराया गया तथा मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई। जिले में हो रहे व्यवसायिक सब्जी जैसे टमाटर, ग्राफ्टेड बैंगन, अरबी, प्याज एवं फल केला एवं पपीता की वैज्ञानिक तकनीक से खेती कर एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर छात्र-छात्राएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इजी. टीएस सोनवानी ने फसलों में उपयोग आने वाले नवीन मशीनों के उपयोग तथा रख रखाव की जानकारी दी। डॉ. बीएस परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, शस्य विज्ञान मे धान, दलहन, तिलहन की वैज्ञानिक शस्य क्रियाओं तथा केन्द्र में संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम, सीड हब योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सीपी रहांगडाले, विषय वस्तु विशेषज्ञ, वानिकी ने एग्रो वानिकी के विधियों की विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को प्रक्षेत्र के समन्वित कृषि प्रणाली जैसे कुक्कुट पालन, डेयरी पालन, मछली सह बत्तख पालन, मातृ बगीचा एवं बीज उत्पादन इकाई का भ्रमण एवं उनकी जानकारी दी गई।

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना व लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता करना उद्देश्य**

## यातायात माह 2026 का शुभारंभ, शहर में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



यातायात माह वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ गत सोमवार को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में वीर सावरकर भवन कवर्धा में किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधु तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने का आह्वान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने अपने उद्बोधन में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, ओवरटेकिंग में सावधानी बरतने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने की समझाइश दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह द्वारा यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई तथा सुरक्षित यातायात के महत्व को सरल एवं व्यावहारिक भाषा में समझाते हुए नागरिकों से नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान शहर में आयोजित केपीएल प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीमों को हेलमेट वितरित किए गए, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल कानूनी औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। इसके पश्चात हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की। बाइक रैली के माध्यम से जिलेवासियों को सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### गाड़ाडीह धान उपार्जन केंद्र ...

यह गड़बड़ी सामने नहीं आती, तो शासन को लाखों रुपये की क्षति होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। इसी को देखते हुए प्रशासन ने बिना विलंब किए सख्त कदम उठाते हुए संबंधित धान को जप्त कर लिया और आगे की आवाजाही पर रोक लगा दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद दोषी कर्मचारियों, प्रबंधकों अथवा संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमों के तहत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। **जिला प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि धान** : पार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार या अनैतिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों में भी सतत निरीक्षण, औचक जांच और कड़ी निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### श्रीराम का आदर्श हमें ...

सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाते हैं।" उन्होंने अखंड नवधा रामायण जैसे आयोजनों को सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर सरपंच सेवा राम साहू लुलम साहू बीरेंद्र साहू सुखदेव साहू सुरेश साहू मीनाराम कोटवार डाकेश साहू पंचू निषाद नकुल साहू भैयाराम साहू रोहित साहू ईश्वर साहू भिखाम साहू अरुण साहू सरस्वती साहू रेखा साहू भकला निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रजत जयंती वर्ष में ...

बेमेतरा पुलिस ने स्पष्ट किया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत यह अभियान हाट-बाजार, गांवों, स्कूलों, कॉलेजों, आवासीय कॉलोनियों एवं सामाजिक संगठनों में निरंतर चलाया जाएगा, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो और अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

### पुनरीक्षण को लेकर ....

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दर्ज करा सकें। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी से अपील की गई कि वे पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने में सहयोग करें, जिससे त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का निर्माण किया जा सके।

**खबर संक्षेप**



## शिव महापुराण कथा का समापन आज

**नवागढ़।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मेड़की बदनारा में पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर माताएं एवं बहनें कलश धारण कर गंगाजल लेकर गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचीं। कलश यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत मधुर भक्ति गीतों से पूरा ग्राम भक्ति में सराबोर हो गया। हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा, हम बदलेंगे तो युग बदलेगा जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन संपन्न किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालु माताएं यज्ञ स्थल पहुंचीं। कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश ठाकुर ने कलश धारण के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कलश धारण से सुहागिन स्त्रियों के पति की दीर्घायु की कामना पूर्ण होती है तथा कुंवारी कन्याओं को योग्य वर की प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। प्रथम दिवस शिव महापुराण कथा के अंतर्गत मां गंगा के अवतरण की कथा का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के समापन पर विधिविधान से आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिव महापुराण कथा का आयोजन 4 से 7 जनवरी तक किया जा रहा है, वहीं 6 जनवरी को विराट ग्राम विकास दीप महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# बायपास रोड पर अवैध चखना दुकान का बोलबाला, बढ़ती अपराध से दहशत का माहौल

**नशाखोरी से बिगड़ा माहौल, अपराधों में उछाल, महिलाएं और राहगीर दहशत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के बायपास रोड पर खुलेआम चल रहे दर्जनों अवैध चखना सेंटर्स ने पूरे इलाके को अशांत कर दिया है। शाम ढलते ही यहां शराबियों और लफंगों की भीड़ उमड़ पड़ती है, जिससे आए दिन वाद-विवाद, मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाएं हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इतने गंभीर हालात के बावजूद आबकारी विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन अवैध सेंटर्स के कारण राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। बायपास रोड नगर का प्रमुख आवागमन मार्ग है, लेकिन देर शाम से रात तक यहां शराबियों की जमावड़े ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है।

**4 जनवरी की रात चाकूबाजी, युवक गंभीर घायल:** गौरतलब है कि 4 जनवरी की रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर अपनी औपचारिकता पूरी कर ली, लेकिन मूल समस्या—अवैध चखना सेंटर्स—पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



### शासकीय अहाता होते हुए भी बाहर अवैध धंधा

नगर में शासकीय शराब दुकान के अहाते के भीतर शासकीय चखना सेंटर संचालित है, जिसका समय निर्धारित है। इसके बावजूद बाहरी हिस्सों में अवैध चखना सेंटर्स देर रात 12 बजे तक धड़ल्ले से चल रहे हैं। नियमों की खुलेआम अनदेखी के बावजूद प्रशासन और आबकारी विभाग की खामोशी कई सवाल खड़े करती है। नतीजा बायपास रोड पर दूषित माहौल, बढ़ता अपराध और भय का साया। नगरवासियों की मांग है कि बायपास रोड पर चल रहे सभी अवैध चखना सेंटर्स को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। वरना यह इलाका किसी बड़ी वारदात का गवाह बन सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देता है।

**बैठक**

**प्रकरणों को त्वरित एवं गुणात्मक निराकरण के निर्देश**

# कलेक्टर जनदर्शन आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय स्तर पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणात्मक, पारदर्शी एवं वास्तविक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग में लंबित प्रकरणों का स्वयं मूल्यांकन करें और केवल औपचारिक नहीं बल्कि वास्तविक समाधान प्रस्तुत करें।

उन्होंने विशेष रूप से कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव है, उनका तत्काल समाधान किया जाए। वहीं जिन प्रकरणों का त्वरित निराकरण संभव नहीं है, उनके वास्तविक कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए संबंधित हितग्राही को पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जनदर्शन के आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विभाग में अधीनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर निरंतर समीक्षा एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 जनवरी से सभी शासकीय कार्यालयों में आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से आधार आधारित प्रणाली में उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंजीकृत किसान धान विक्रय कर सकें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान धान विक्रय से वंचित न हो,



### गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गईं

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए विभिन्न जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्वों का सर्वोच्च प्राथमिकता एवं पूर्ण गंभीरता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह जिले में गरिमामय एवं सफल रूप से संपन्न हो सके।

### बिना अधिकृत अनुमति मुख्यालय से बाहर न रहें अधिकारी-कर्मचारी

प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने, कार्यों में दक्षता बढ़ाने एवं जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने अधिकृत मुख्यालय में अनिवार्य रूप से निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी बिना अधिकृत अनुमति के, अवकाश के दिनों में भी, मुख्यालय से बाहर न रहे। अनाधिकृत रूप से मुख्यालय से बाहर पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ई-ऑफिस प्रणाली से ही होगा शासकीय कार्यों का निष्पादन

राज्य शासन की मंशानुरूप कार्यप्रणाली को आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली के माध्यम से ही फाइलों का प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों से संबंधित समस्त पत्राचार, आदेश, निर्देश, फाइलें एवं दस्तावेज ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाएं।

## विज्ञान विषय पर ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला का निरीक्षण, गुणवत्ता-युक्त प्रशिक्षण पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तर पर विज्ञान संकाय के चारों विषयों के लिए ब्लूप्रिंट निर्माण, प्रश्नपत्र निर्माण एवं शिक्षण-शास्त्र पर आधारित कार्यशाला शासकीय हाई स्कूल खिलोरा विकास खंड बेमेतरा में जारी है। कार्यशाला के चतुर्थ दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के उप-प्राचार्य एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने निरीक्षण किया। उनके साथ डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

▪ मास्टर ट्रेनर्स ने दिया गुणवत्ता-युक्त एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण

कार्यशाला में चार मास्टर ट्रेनर्स व बीआरजी व्याख्याता पुष्पा वर्मा, नेहा ठाकुर, दिनेश कुमार सोनी और सीमा ध्रुव द्वारा विज्ञान के चारों विषयों पर व्याख्याताओं को सुंदर, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्ता-युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र निर्माण, पाठ्यक्रम नियोजन तथा परीक्षा-उन्मुख शिक्षण पर विशेष फोकस किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ. बंजारे ने व्याख्याताओं से प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लेने और सीखी गई बातों को सीधे विद्यार्थियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र निर्माण से न केवल प्रश्नों की स्पष्टता बढ़ती है, बल्कि बच्चों की तैयारी भी दिशा-बद्ध होती है। तिमाही, छमाही एवं वार्षिक परीक्षाओं में ब्लूप्रिंट के अनुरूप प्रश्न तैयार करने से पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण होता है और परिणाम भी बेहतर आते हैं।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक निलेश सोनी, संकुल प्राचार्य पी.आर. पात्रे सहित व्याख्याता गजानंद शर्मा, दीपिका साहू, सत्येंद्र सिंह राजपूत, दिनेश देवांगन, इंदु शर्मा, गिरिजा मिश्रा, विजय पांडेय, हरीश कुमार देवांगन, सीमा घोष, पीला राम साहू, रेणुपाल चंद्राकर, रामनाथ चंद्राकर, ऋषि साहू, लक्ष्मी नारायण सिन्हा सहित 100 से अधिक व्याख्याता उपस्थित रहे।

# नगर में गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





नगर के बाजार चौक स्थित दुर्गा सांस्कृतिक मंच पर श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं मानस परिवार द्वारा आयोजित चार दिवसीय अखंड नवधा रामायण सम्मेलन में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। आयोजन के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई मानस मंडलियों ने अपनी संगीतबद्ध प्रस्तुतियों से जनसमुदाय में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया। कार्यक्रम में चंडीधाम नेवनारा की जय गंगा मानस मंडली के व्याख्याकार आजु राम साहू ने शबरी प्रसंग पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रेम वही श्रेष्ठ और पवित्र है, जो पूरी तरह स्वार्थरहित और निश्चल हो। वहीं, लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने अरण्य कांड के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए माता सीता के वन गमन और रावण-मारीच संवाद की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने बताया कि कैसे रावण का क्रोध और अपनों की नेक सलाह को ठुकराना ही उसके कुल के विनाश का कारण बना।

### सुमधुर लोक भजनों पर झूमे श्रोता

ग्रामीण क्षेत्रों से आई मंडलियों ने प्राचीन नवधा रामायण शैली में काया खंडी भजनों और संत तुलसीदास, मीराबाई, कबीर व रहीम की साखियों के माध्यम से दर्शकों को सीधे मानस संवाद से जोड़ा। कार्यक्रम में माता पार्वती के जन्म और नारद मुनि द्वारा उनके हस्तरेखा दर्शन की कथा भी बड़ी रोचकता से सुनाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा सहित मानस परिवार के सक्रिय सदस्य आयुष वर्मा, वीरेंद्र निषाद, अजय यादव और समस्त नगरवासी विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। मंच संचालन रामाधार पटेल एवं किशन साहू द्वारा किया जा रहा है।

### मानस प्रेमियों का उमड़ा जनसैलाब

इस धार्मिक समागम में साजा सहित आसपास के ग्रामों जांता, मुसवा, अमलीडीह, मोहगांव और डोंगीतराई से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजकों द्वारा सभी सहभागी मंडलियों को नकद राशि, सद्ग्रंथ और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है। मानस परिवार ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाएं।

# संस्कार, संस्कृति और सफलता का संगम बना गुरुकुल का वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



नगर के न्यू गुरुकुल में आयोजित वार्षिक उत्सव इस वर्ष शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा के अद्भुत संगम के रूप में उभरकर सामने आया। रंग-बिरंगी रोशनी, तालियों की गूंज और विद्यार्थियों की सजीव प्रस्तुतियों ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीआर चतुर्वेदी डीईओ, बेमेतरा, एलएन बंधे बीईओ, नवागढ़ तथा जीपी बनर्जी प्राचार्य, बीएचएचएस नवागढ़ की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुष्मिता तोंडरे सीजीपीएससी चयनित ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

अतिथियों ने बच्चों को लक्ष्य-निर्धारण, अनुशासन और परिश्रम का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना ने शाला की शैक्षणिक उपलब्धियों और नवाचारों पर प्रकाश डाला, वहीं बीईओ एलएन बंधे ने इस सत्र में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों के लिए समूचे विद्यालय परिवार को बधाई दी।

समारोह में स्वागत गीत और गणेश वंदना ने मंच को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ की आत्मा कर्मा और पंथी के साथ देशभर की रंगीन छटा देखने को मिली। राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इंडियन, पहाड़ी, बंगाली, मराठी, राजपूतानी, डांडिया और गरबा नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालमेल, भाव-भंगिमा और वेशभूषा की भव्यता ने बच्चों की प्रतिभा को नई ऊंचाई दी। इस अवसर पर गत वर्ष के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी मेहनत का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य मनिंदर कौर खुराना सहित समस्त शिक्षकों की समर्पित भूमिका रही। शिक्षकों की टीम ने अनुशासन, प्रशिक्षण और प्रस्तुति के हर पक्ष को बखूबी संभाला। समापन पर अभिभावकों और अतिथियों ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यू गुरुकुल शिक्षा के साथ संस्कारों की मजबूत नींव रख रहा है।

# साजा विकासखंड में प्राथमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा विकासखंड में नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का पांच दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विकासखंड के तीन जोन परपोड़ी, थान खम्हरिया एवं साजा में संचालित हो रहा है, जिसमें कुल 195 शिक्षक-शिक्षिकाएं सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के तहत साजा विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण केंद्र थान खम्हरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को प्रारंभिक भाषा एवं संख्या ज्ञान के प्रमुख बिंदुओं पर मार्गदर्शन देते हुए कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के बच्चों को स्तरानुसार शिक्षा प्रदान करने, पढ़ने-लिखने की दक्षता विकसित करने तथा अंतिम बच्चे तक सीखने की समझ सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर पवन कुमार साहू, धर्मेंद्र देवांगन एवं जीवन लाल चंदेल द्वारा सत्रों का संचालन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नई शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, भाषा विकास, मौखिक भाषा सुदृढ़ीकरण तथा बहुभाषीय शिक्षण के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों से संवाद के माध्यम से भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उपाय साझा किए गए।

इसी क्रम में विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक (बीआरसी) साजा खोमलाल साहू ने प्रशिक्षण केंद्र साजा का निरीक्षण किया। उन्होंने साप्ताहिक, दैनिक एवं वार्षिक शैक्षणिक योजनाओं, शिक्षण सामग्री, शिक्षण संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्यपुस्तकों के समन्वित उपयोग से बच्चों की शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने पर विशेष चर्चा की। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों में प्रारंभिक भाषा एवं संख्या ज्ञान के आधार पर समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, ताकि विद्यार्थी कक्षा अनुरूप शिक्षा के साथ-साथ मूलभूत गणित एवं विज्ञान में भी निपुण हो सकें। साजा विकासखंड के तीनों प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण का दूसरा दिवस आज संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जोन प्रभारी के रूप में माखनलाल वर्मा (संकुल साजा), अजय सिंह ठाकुर (संकुल समन्वयक परपोड़ी), अजीमुद्दीन कुरैशी (थान खम्हरिया) तथा मास्टर ट्रेनर के रूप में सुरेश साहू, मनोज कुमार ध्रुव, कु. खुशबू दुबे, मन्नूलाल साहू, निखिल तिवारी एवं तीर्थ कुमार साहू सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

# आनंद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवकर में आज शैक्षणिक नवाचार और सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत देवकर के अध्यक्ष सुरेश सिहोरे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री नवीन ताम्रकार सहित समिति के सदस्यों द्वारा सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य संतोष केसरी, रावल जैन, रमेश देवांगन, पूरन साहू तथा पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष निरंजन ढीमर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आनंद मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वयं निर्मित पकवानों के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिन्हें बच्चों ने पूरी रचनात्मकता और उत्साह के साथ सजाया था।

▪ आनंद मेले में विद्यार्थियों ने लगाए स्वयं निर्मित पकवानों के स्टॉल

अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर बच्चों से पकवान खरीदे और उनकी उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता एवं व्यावहारिक सीख की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समाज को झकझोरने वाले विषयों पर सशक्त नाट्य प्रस्तुति दी। भ्रूण हत्या, एसिड अटैक, दहेज प्रथा तथा लड़का-लड़की में भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों पर आधारित नाटकों के माध्यम से बच्चों ने समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। वहीं छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता को सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हुए पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक लवकुश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। आयोजन ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और सामाजिक चेतना के निर्माण का मजबूत मंच भी है।




